>

Title: Need to set up an airport in Ajmer, Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): महोदय, अजमेर ऐतिहासिक, धार्मिक, शैक्षिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से अत्यधिक महत्व रखता है। यहां तथा तीर्थराज पुष्कर में हजारों देशी, विदेशी पर्यटक तीर्थाटन करने तथा ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्वपूर्ण स्थलों के दर्शनार्थ आते हैं। यहां पास में ही सैनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पुरानी छावनी नसीराबाद है। अजमेर में ही सी0आर0पी0 के दो महत्वपूर्ण ग्रुप सेंटर हैं, जहां से देश में आवश्यकतानुसार अर्द्ध सैन्य बलों की तैनाती होती रहती है। पास ही किशनगढ़ नामक एशिया की सबसे बड़ी मार्बल मंडी है, जहां हजारों उद्यमियों का आना जाना रहता है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अजमेर में शीघ्र ही चिरप्रतीक्षित हवाई अड्डा स्थापित कर इसे देश के वायुमार्गों से जोड़ा जाए ताकि दूरस्थ स्थानों एवं विदेशों से आवाजाही में सहज सुविधा उपलब्ध हो जाये तथा अजमेर का सर्वांगीण विकास हो सके।